Fourteenth Loksabha

Session : 11
Date : 07-05-2007

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title: Regarding improper utilization of funds by Department of Forest under Rashtriya Sam-Vikas Yojna in Jalaun- Garotha Parliamentary Constiuency of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, मैं केन्द्र सरकार के संज्ञान में एक महत्वपूर्ण विाय लाना चाहता हूं। सरकार द्वारा राट्रीय संविकास योजना के तहत जो धन मुहैया कराया जाता है, उसमें हमारे उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन को भी सम्मिलत किया गया है। यहां से जो करोड़ों रुपया उपलब्ध कराया गया है, जिले के अधिकारियों ने वन विभाग को जो धन उ पलब्ध कराया है यानी वृक्ष की सुरक्षा के लिए चारों तरफ जो घरुआ बनाये जाते हैं, उसमें बिल्कुल थर्ड क्लास के गुम्भे लगाये जा रहे हैं। उसके आसपास लाल रंग की गेरी पोतकर यह साबित करना चाहते हैं कि यह बहुत अच्छा घरुआ बनाया गया है। एक तरफ घरुआ बनाये जा रहे हैं और दूसरी तरफ से टूटते चले जा रहे हैं। न उनमें पेड़ लगाये जा रहे हैं क्योंकि यदि पेड़ लगाए जाएं तो यह भी लगे कि पेड़ लगाये जा रहे हैं और उसकी सुरक्षा हो जाएगी। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राट्रीय संविकास योजना के तहत जो हमारे जनपद को धन दिया गया है, उसकी जांच की जाए और जो अधिकारी उस पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन्हें दंडित किया जाए। [r67]